# सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन से मादक पदार्थों की तस्करी पुलिस, बीएसएफ रोकें : कलेक्टर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी और नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, बीएसएफ सहित समस्त एजेंसियों को इंटेलिजेंस सूचनाएं साझा करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध आवागमन को रोकने के लिए इंटर स्टेट बॉर्डर पर प्रभावी निगरानी के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बीएसएफ के साथ-साथ पुलिस भी नियमित निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में ड्रोन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए बीएसएफ, आर्मी, पुलिस सहित अन्य एजेंसी निगरानी बढ़ाएं। आमजन को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए जिले में संचालित ऑपरेशन सीमा का जिक्र करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस, स्वास्थ्य, औषधि नियंत्रक तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त टीम की ओर से मेडिकल स्टोर्स, नशा मुक्ति केन्द्रों और मनो चिकित्सा केन्द्रों की औचक जांच की जाए। अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाये।



गंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी और नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक को संबोधित किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से होने वाली मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिये भी पुलिस और बीएसएफ के साथ-साथ समस्त एजेंसियां प्रभावी रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने ऐसी गतिविधियों में पकड़े जाने वाले अपराधियों को जेल में अन्य कैदियों से अलग रखने के निर्देश देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन सीमा अभियान में बीएसएफ भी सहभागिता निभाएं। ब्लॉक स्तर पर एक्शन प्लान बनाकर प्रभावी करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें ताकि समुचित निगरानी हो सके। इसी क्रम में भारत माला परियोजना के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में एनएचएआई के टोल नाकों सहित आवागमन के रास्तों पर सीसीटीवी लगाये जाये। जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये नियमित रूप से जांच कार्रवाई की जा रही है। इसी वजह से लगातार मादक पदार्थों की खेप और राशि पकड़ी गई है। बीएसएफ और अन्य एजेंसियों से भी सूचनाएं साझा की जा रही है। उन्होंने कहा कि

- जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी और नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक में कलेक्टर ने ये निर्देश दिए
- मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध आवागमन को रोकने के लिए इंटर स्टेट बॉर्डर पर प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए

संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई जारी है। बैठक में बीएसएफ, सीआईडी, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अलावा इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, विक्रम सिंह, सन्नी प्रताप त्रिपाठी, अशोक कुमार मित्तल, अमित सिंह, मुकेश सिंह, दीपक कुमार चौधरी, सोमेश मक्कड़, विक्रम सिंह ज्याणी, संदीप कुमार मौजूद थे।

## आज से शुरू होगी मां वाउचर योजना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए राज्य सरकार मंगलवार को मां वाउचर योजना शुरू करेगी।

जिला स्तर से प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा, प्रभारी सचिव वैभव गालरिया व जिला कलेक्टर लोकबंधु योजना का पोस्टर विमोचन एवं गर्भवती महिलाओं को ऑनलाइन कूपन जारी कर योजना का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में जिला कलेक्टर लोकबंधु ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि राजस्थान बजट घोषणा के अनुसार मां वाउचर योजना की आठ अगस्त से शुरूआत होगी। जिला स्तर पर शुभारंभ के साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इस योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो जायेगा। योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान की एक सोनोग्राफी निःशुल्क कराई जायेगी।

इसमें जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा जायेगा ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के एरिया में सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके। बहरहाल जिले के लक्षित 35 सेंटर्स में से 21 के साथ एमओयू हो चुका है एवं कुछेक अन्य ने सहमति प्रदान की है, जिनके साथ जल्द ही एमओयू होगा। वंचित को भी योजना से जोड़ने के हरसंभव प्रयास किए जायेंगे।

## सार-समाचार

### छात्रसंघ चुनाव की मांग



डूंगर कॉलेज के छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर खून से सी.एम. को पत्र लिखा।

**बीकानेर**, (कासं)। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर छात्रों में लगातार रोष हर दिन बढ़ता जा रहा है। अब भाजपा से जुड़े छात्र संगठन भी छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को बीकानेर के डूंगर महाविद्यालय के छात्रों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग की। एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता राकेश गोदारा ने बताया कि हम पिछले पांच दिन से भूख हड़ताल पर बैठे है। हमारी मांग है कि सरकार प्रदेश में फिर से छात्रसंघ चुनाव बहाल करें। हम पिछले कई सालों से छात्रों के हितों के लिए लड़ रहे हैं। छात्रसंघ चुनाव कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के लिए राजनीति की पहली सीढ़ी है। ऐसे में हमारी सरकार से मांग है कि छात्रसंघ चुनावों को फिर से बहाल किया जाए। अगर सरकार नहीं मानी तो हम प्रदेशभर में सरकार का पुरजोर विरोध करेंगे। किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे। छात्रों ने खून से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि वो छात्रसंघ चुनाव कराएं, क्योंकि ये छात्रों का अधिकार है।

### लंदन प्रवासी डॉ सविता ने पौधे बांटे



हरियाली तीज पर लंदन प्रवासी डॉ सविता आसोपा ने फलदार व फूलदार पौधों का वितरण किया।

**बीकानेर**, (कासं)। हरियाली तीज के उपलक्ष में आसोपा आश्रम ट्रस्ट की ओर से आसोपा धोरे पर इंग्लैंड प्रवासी डॉक्टर सविता आसोपा द्वारा फलदार और फूलदार पौधों का रोपण और वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि 1920 से स्थापित यह ट्रस्ट पूरी तरह से सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को समर्पित है और वन संरक्षण सहित स्वास्थ्य और पेयजल के क्षेत्र में सक्रिय है। प्रधान ट्रस्टी उर्मिला आसोपा ने कहा कि उदयरामसर, भीनासर और गंगाशाहर सहित आसपास के इलाकों के लोगों को उपयोगी पौधे वितरित कर उनकी सार संभाल का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि रियासत काल से यहां असाध्य रोगों का इलाज किया जाता रहा था और दूर-दूर से लोग यहां आकर स्वस्थ होते थे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की जमीन पर सार्वजनिक महत्व के कार्य निरंतर किए जा रहे है। यहां सैकडों वर्ष पूर्व स्थित पातालेश्वर शिवालय एवं चमत्कारिक स्वयं भू हनुमान मन्दिर भी स्थित है।

### मिर्गी के 525 रोगियों को दवाई दी

**चूरू,** (कासं)। पिछले 30 वर्षों से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला निःशुल्क मिर्गी निदान शिविर आज रतननगर में सम्पन्न हुआ। त्रिवेणी देवी सुरेका चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में यह 360वें शिविर में 525 रोगियों का इलाज कर पूरे माह की दवाई निःशुल्क वितरित की गई। कैम्प के मुख्य न्यूरोफिजिशयन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि 30 वर्षों के उनके अनुभव साझा कर हाल ही में उन्होंने नई वेबसाइट लॉन्च की है। इस वेबसाइट के जरिये मिर्गी रोगी अपनी बीमारी का विवरण चिकित्सक से साझा कर इलाज पा सकते है। इस कैम्प में डॉ. रोहित सुरेका, डॉ. रक्षित सुरेका, डॉ. जयसिंह, डॉ. सरीन, डॉ. गौरी, ताजू खान आदि ने सहयोग दिया।

### भाजपा की प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी आज

**चूरू,** (कासं.)। भाजपा की प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शिरकत करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी रवि दाधीच ने बताया कि बुधवार शाम 4.30 बजे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी आयोजित होगी, जिसे जिले के प्रभारी मंत्री व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### शिक्षण सामग्री वितरित

**चूरू,** (कासं)। रा.उ. प्राथमिक विद्यालय सिमसिया पुरोहितान में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत व मनीषा चारण के सौजन्य से जरूरतमंद 15 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार एचरा ने की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक दंपति के सौजन्य से आज विद्यालय में खोले गए मिनी स्टेशनरी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद 15 छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

# देह व्यापार का पर्दाफाश, मां-बेटे चला रहे थे सैक्स रैकेट

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। पुरानी आबादी वार्ड 11 की दशमेश कॉलोनी में पुलिस ने देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। वैश्यावृत्ति के इस धंधे के संचालक मां-बेटे को भी पुलिस ने काबू किया है।

इस कार्रवाई से देह व्यापार करने वाले कारोबारियों में खलबली मच गई। इस वैश्यावृत्ति के अड्डे पर विदेशी उजबेकिस्तान की महिला भी काबू में आई है। इसके अलावा अन्य राज्यों से मंगवाई गई युवतियों और महिलाओं को यहां स्पेशल ठहराया गया था। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पुरानी आबादी में विदेशी बालाओं को स्पेशल तौर पर मंगवाकर यहां वैश्यावृत्ति का धंधा कराया जा रहा है।

इस संबंध में सीओ सिटी बी आदित्य ने बोगस ग्राहक बनाकर एक शख्स को भेजा। इस शख्स के साथ सौदा तय होने के बाद ग्राहक का इशारा मिलते ही पुलिस ने वहां दबिश दी। पुलिस दल ने दशमेश कॉलोनी वार्ड 11 में गंदे पानी के खड्डो के सामने पश्चिम दिशा में खुलते हिमांशु के

- गंगानगर की दशमेश कॉलोनी से उजबेकिस्तान की विदेशी बाला समेत आठ गिरफ्तार

मकान की घेराबंदी की। इस मकान में 37 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड न. 15 विजयनगर, 35 वर्षीय अचिलोवा गुल्मोजा पुत्री बहरामोवना सिटी जिजाक्स उजबेकिस्तान, 35 वर्षीय प्रिया पत्नी रामराजू नेमानी निवासी झोपर पट्टी मलाड पुलिस थाना मलाड मुंबई महाराष्ट्र, 19 वर्षीय रूचिका पुत्री विजेन्द्र निवासी छतरपुर इन्कलेव झोपड पट्टी नई दिल्ली, 38 वर्षीय आश्मा पुत्री काईला क्षेत्री निवासी बंगाली मार्केट झोपड पट्टी गुडगांव, 23 वर्षीय आईशा पुत्री मोहम्मद हारून निवासी के-556 हजरत निजामुदीन दरगाह मथुरा रोड नई दिल्ली, संचालक 24 वर्षीय हिमांशु पुत्र अनिल कुमार थदानी निवासी दशमेश कॉलोनी श्रीगंगानगर और उसकी मां 42 वर्षीय कंचन पत्नी अनिल कुमार थदानी निवासी दशमेश कॉलोनी को वैश्यावृत्ति करते हुए गिरफ्तार किया।

इस अड्डा संचालक के कब्जे से 45 हजार रूपए वैश्यावृत्ति की राशि भी जब्त की गई। इस पर पुलिस थाना महिला में पीटा एक्ट की धारा 3, 4, 5, के तहत मामला दर्ज किया गया हैं। एसपी ने बताया कि विदेशी बालाओं के माध्यम से ग्राहकों से मोटी रकम वसूली जा रही थी। आरोपियों में हिमांशु व उसकी माता कंचन दोनों यहां कई दिनों से धंधा करवा रहे थे।

पुलिस की इस टीम में सीओ सिटी के अलावा पुरानी आबादी सीआई गोविन्दसिंह चारण, सेतिया पुलिस चौकी प्रभारी सुशीला मीणा आदि मौजूद थे। पुलिस की प्रारभिंक पूछताछ में यह भी पहलू सामने आया है कि कई महिलाएं और युवतियां शहर के कई होटलों में भी वैश्यावृत्ति करने के लिए भिजवाई जाती हैं। एक नाइट के लिए अलग से राशि वसूली की जाती थी। पूरे मामले की जांच अब महिला थाना प्रभारी ज्योति नायक को सौंपी है।

## कुलपति प्रो.गर्ग ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**बीकानेर**, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश के गर्ग ने मंगलवार को राजस्थान के नवनियुक्त राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागडे़ से शिष्टाचार भेंट की एवं विश्वविद्यालय की पशु चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा प्रसार एवं अनुसंधान प्रगति से अवगत करवाया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. गर्ग ने राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे को विश्वविद्यालय द्वारा किसानों एवं ग्रामिण युवाओं के हितार्थ आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों तकनीक हस्तांतरण, नवीन अनुसंधान के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, वित्तीय सुदृढीकरण एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में बताया।

राज्यपाल ने कुलपति प्रो. गर्ग से राज्य में पशु संख्या एवं उत्पादन राज्य में गौपालन एवं गौ प्रजनेन नीति संचालित कुल वेटरनरी महाविद्यालयों एवं अकादमिक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# बॉर्डर से सटे खेत में युवक को गोली मारी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत-पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा से सटे दौलतपुरा गांव के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना रात करीब एक बजे के आसपास हुई।

इस हत्याकांड से सरहदी क्षेत्र के ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर मटीलीराठान पुलिस की टीम पहुंची। इस युवक की छाती पर दो गोली तथा एक गोली माथे पर मारी गई हैं। दौलतपुरा गांव निवासी 23 वर्षीय प्रदीप तरड़ पुत्र रणजीत तरड़ का शव अन्तरराष्ट्रीय सीमा की ओर से जाने वाले रास्ते से चंद कदम दूर मिला हैं। इस युवक का खेत भी बॉर्डर से सटा हुआ है। देर रात को वहां आने की वजह अभी साफ नहीं हो पाई हैं। लेकिन ग्रामीणों ने इस हत्या के पीछे बीएसएफ की भूमिका बताई है।

घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जब तक इस युवक का पोस्टमार्टम नहीं होता तब तक यह हकीकत सामने नहीं आयेगी। जिस हथियार से गोली लगी हैं, उसके कारतूस का मुआयना करने के बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो पायेगी कि यह बीएसएफ की ओर से फायरिंग

- भारत-पाक सीमा से सटे दौलतपुरा गांव के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई

हुई है या कोई अन्य व्यक्ति अपनी रंजिश निकालने के लिए उसे बुलाया और फायर ठोक दिए।

एसपी ने बताया कि यह युवक अपनी बाइक लेकर गांव से अपने खेत की ओर से आ रहा था। तब रात करीब एक बजे के आसपास किसी ने उसे पर फायरिंग कर दी। उसके पास एक मोबाइल फोन भी था। डॉग स्कवायड की टीम ने घटनास्थल से चंद कदम आगे उसका मोबाइल फोन बरामद किया हैं। इस मोबाइल के माध्यम से कॉल के बारे में छानबीन करवायेंगे। किसी ने उसे कॉल करके खेत के पास बुलाया या अन्य कारण जांच के बाद ही खुलासा हो सकेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि बीएसएफ ने सीमा पार बढ़ते ड्रोन की कार्रवाई को लेकर इस निहत्थे युवक पर गोली बरसाई।

## बच्चों को खिलाई आयरन की गोली

**सीकर,** (निसं)। राज्य सरकार के अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत हर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाता है। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य सभी वर्ग के लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से इस दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की जाती है और खून बढ़ाने की गोली दी जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सिरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई।

## कुंड में गिरने से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। शहर के निकटवर्ती गांव मांगला के नजदीक पानी के कुंड में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसको लेकर मंगलवार को मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि रमन सोनी निवासी वार्ड नंबर 32 ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि पांच अगस्त को शाम 3.30 बजे वह तथा उसका भाई हेमंत किशनपुरा स्थित अपने खेत को देखने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। मांगला गांव के पास पहुंचने पर हेमंत ने मोटरसाइकिल रोक ली और उसे कहा कि प्यास लगी है।

# गजसिंहपुर में नशे के खिलाफ चलेगा बुलडोजर

**गजसिंहपुर,** (कासं)। गजसिंहपुर कस्बे में फैले नशे के मक्कडज़ाल को खत्म करने को लेकर पुलिस थाने में बैठक आयोजित की। इसमें पुलिस उप अधीक्षक संजीव चौहान ने आमजन के साथ विचार विमर्श कर नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि नशे का अवैध कारोबार इतना ज्यादा फैल गया है कि एक-दो दिन में नहीं रोका जा सकता। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सहयोग करना होगा। वहीं सीओ थाना

- कस्बे में पकड़ी गई नशीली गोलियों को लेकर कार्रवाई की मांग

प्रभारी राकेश सांखला के साथ पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर शाम को गश्त पर निकले और कस्बेवासियों द्वारा चिन्हित जगह पर छापेमारी करने के निर्देश दिए। कस्बेवासियों ने कहा कि मंडी के आस-पास जगह पर इन दोनों लूटपाट की घटनाएं अधिकांश हो रही है। उन पर भी रोक लगाने का प्रयास करें। अगर इसके लिए पुलिस युवाओं का सहयोग लेना चाहती है तो हम इस मुहिम के साथ जुड़ेंगे।

कस्बे में पकड़ी गई नशीली गोलियों को लेकर पुलिस को कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर संजीव चौहान ने कहा कि वहां पर बने हुए मकान पर बुलडोजर चलेगा। जिससे नशा बेचने वालों में खौफ पैदा हो सके। इस दौरान व्यापार मंडल, करियाना यूनियन, मेडिकल संचालक, धानक तोला मजदूर यूनियन और एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान में शामिल गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

# राजस्व से संबंधित लम्बित प्रकरणों का जल्द निस्तारण करें : कलेक्टर

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित लम्बित प्रकरणों को जल्द निस्तारण करने के प्रयास करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

ऐसे मामलों की सूची बनाकर उनकी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव राजस्व मामलों के निस्तारण को लेकर गंभीर है। इसलिए लापरवाही नहीं बरतें। जिला कलेक्टर ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता से परिवादियों को समयबद्ध न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

नामांतरण, अपवादित खाता निस्तारण सहित अन्य विषयों पर कार्यवाही की जाए। अब ई-गिरदावरी शुरू हो रही है। इसलिए ध्यानपूर्वक कार्यों को पूरा करें।

कलेक्टर कानाराम ने कहा कि पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक और ग्राम विकास अधिकारी बिना सक्षम स्तर



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

से अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ें। इनके निश्चित दिन फील्ड में जाने और कार्यालय में बैठने को लेकर प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आमजन को अनावश्यक चक्कर नहीं काटना पड़े। इसकी सुनिश्चिता की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना, एडीएम नोहर गोपाल लाल स्वर्णकार सहित उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व शाखा कार्मिक उपस्थित थे।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने परिचय अभ्यास किया

**सुजानगढ़**, (निसं)। रैपिड एक्शन फोर्स की 83 नं. बटालियन ने कोतवाली थाने पहुंच कर परिचय अभ्यास किया।

आर.ए.एफ के कमांडेट कुलदीप कुमार जैन एवं उप कमांडेट संजय कुमार निर्मल ने थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा के साथ परिचय अभ्यास किया। उप कमांडेट संजय कुमार निर्मल ने बताया कि इस अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों सहित विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा आदि की लिस्ट तैयार करवाई जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का दंगा, सांप्रदायिक घटना या प्राकृतिक आपदा होने पर ज्यादा कारगर तरीके से स्थिति पर नियंत्रण कर कार्रवाई की जा सके। आरएएफ द्वारा क्षेत्र के राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों की जानकारी भी प्राप्त की जायेगी। द्रुत कार्यबल द्वारा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक मानचित्र बनाया जायेगा।

जिससे अप्रिय स्थिति होने पर मानचित्र की सहायता से नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थान पर तत्काल सुविधा पहुंच सके।

# कल्याण भूमि में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव

राजियासर, (कासं)। राजियासर पंचायत के चार सौ वर्ष पुराने बसे गांव पीपासर सहित तीन गांवों के ग्रामीण मृतकों का अंतिम संस्कार करने के लिए मौसम की कृपा पर निर्भर हैं। सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन यह कड़वा सच और इन गांवों के ग्रामीणों का दर्द है।

इसका कारण यह है कि गांव की कल्याण भूमि में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव है। कल्याण भूमि में न पीने के लिए पानी की व्यवस्था है और न ही धूप तथा बारिश से बचने का कोई साधन। गांव की कल्याण भूमि के चारदीवारी भी नहीं हैं तथा पूरी कल्याण भूमि में कंटीले झाड़ झंखाड़ खड़े हैं। ऐसे में यदि आंधी या बरसात का मौसम हो तो ग्रामीणों को मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए इंतजार तक करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ की उप तहसील राजियासर के गांव पीपासर रोही में 15 बीघा में कल्याण भूमि है। यह रोही के पीपासर गांव के अलावा चक अमरपुरा, चक गोदारान तथा 64 चक की कल्याण भूमि भी

- कल्याण भूमि में न पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही धूप तथा बारिश से बचने का कोई साधन है, बारिश में अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ता है

है। लेकिन कल्याण भूमि में पंचायत की ओर से किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा का विकास नहीं किया गया है। पन्द्रह बीघा भूमि में फैली कल्याण भूमि में एक भी पेड़ नहीं हैं।

ऐसे में लोगों को धूप में खड़े होकर ही दाह संस्कार करना पड़ता है। कल्याण भूमि में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दाह संस्कार के लिए जाते समय पानी साथ में ले जाना पड़ता है।

वर्तमान में कल्याण भूमि में कंटीली झाडियों को काटा गया है। आंधी चलने के कारण कंटीली झाडियों के कांटे पूरे कल्याण भूमि क्षेत्र में फैल गए हैं। ऐसे में कांटे लोगों के पांव में चुभने से वे चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा कल्याण भूमि के चारदिवारी नहीं होने के कारण निराश्रित पशु व श्वान विचरण करते रहते हैं। वहीं शैड व अन्य सुविधा के अभाव में धूलभरी आंधी चलने के दौरान मृतकों के अवशेष व राख हवा के साथ उड़ जाते हैं। इतना ही नहीं गांव में हड्डारोड़ी की जगह आरक्षित नहीं होने की वजह से कई लोग मृत पशुओं को कल्याण भूमि के पास डाल देते हैं।

ग्रामीण दुदाराम शर्मा, किशन गोदारा, मुखराम गोदारा व पवन शर्मा ने बताया कि उन्होंने कल्याण भूमि में चारदिवारी, एक शैड तथा पानी का होद बनाने को लेकर कई बार पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से निवेदन किया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सरपंच रामादेवी ने बताया कि उन्होंने पीपासर गांव की कल्याण भूमि की चारदिवारी तथा पानी की व्यवस्था करने के लिए जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया लेकिन सुनवाई नहीं हुई।